INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

4 / आई0क्यू0ए0सी0बैठक–नोटिस / 2021–22

दिनांक 17 नवम्बर, 2021

## नोटिस

आन्तरिक गुणवत्ता एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) के समस्त सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि प्रकोष्ठ की प्रथम साप्ताहिक बैठक के लिए आज दिनांक 17 नवम्बर, 2021, बुद्धवार को अपराह्न 02:00 बजे आई0क्यू0ए0सी0 कक्ष में उपस्थित होने का कष्ट करें ताकि भविष्य की रूपरेखा बनाकर कार्यप्रारम्भ किया जा सके। बैठक के एजेण्डा बिन्दु संलग्न हैं।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर
4. डा0 शैलेन्द्र सिंह
5. डा0 सचिन कुमार
6. डा0 दीप्ति मैठाणी

आमंत्रित सदस्य

1. डा0 आर0पी0द्विवेदी
2. डा0 सी0पी0सिंह
3. डा0आशुतोष विक्रम सिंह
4. डा0 कविता बिष्ट
5. कु0 रेखा देवी

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

4/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–ऐजेण्डा बिन्दु/2021–22 दिनांक 17 नवम्बर, 2021

## ऐजेण्डा बिन्दु

1. गत बैठक दिनांक 23 अक्तूबर, 2021 के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।
2. नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यक विभागीय सूचनाओं का संग्रहण प्रारम्भ करने विषयक चर्चा।
3. नैक प्रत्यायन के सात मापदण्डों (सेवन क्राईटेरिया) के सम्बन्ध में चर्चा एवं अन्य महाविद्यालयों के अनुभवों से लाभ लेने के बारे में विचार विमर्श।
4. अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य सुसंगत बिन्दु।

17.11.2021
संयोजक

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

## आई0क्यू0ए0सी0 बैठक दिनांक 17 नवम्बर, 2021, बुधवार, अपरान्ह 02:00 बजे की उपस्थिति

| क्र.स. | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | डा0 आर0 पी0 द्विवेदी | |
| 3 | डा0 सी0 पी0 सिंह | |
| 4 | डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी | |
| 5 | डा0 पीयूष पटेल | |
| 6 | डा0 शनव्वर | |
| 7 | डा0 आशुतोष विक्रम सिंह | |
| 8 | डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह | |
| 9 | डा0 सचिन चौहान | |
| 10 | डा0 दीप्ति मैठाणी | |
| 11 | डा0 कविता बिष्ट | |
| 12 | कु0 रेखा देवी | Rekha |
| | | |
| | | |
| | | |

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA,
BHAGWANPUR, HARIDWAR.

PHOTOGRAPH OF IQAC MEETING DATED 17.11.2021 WEDNESDAY AT 02:00 PM

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

4/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–कार्यवृत्त/2021–22 दिनांक 17 नवम्बर, 2021

**महाविद्यालय आई0क्यू0ए0सी0 की बैठक दिनांक दिनांक 17 नवम्बर, 2021, (बुधवार, अपरान्ह 02:00 बजे) का कार्यवृत्त**

उपस्थित सदस्यण आई0क्यू0ए0सी0:–

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर
4. डा0 शैलेन्द्र सिंह
5. डा0 सचिन कुमार
6. डा0 दीप्ति मैठाणी

आमंत्रित सदस्यगण

1. डा0 आर0 पी0 द्विवेदी
2. डा0 सी0 पी0 सिंह
3. डा0 आशुतोष विक्रम सिंह
4. डा0 कविता बिष्ट
5. कु0 रेखा देवी

आज दिनांक दिनांक 17 नवम्बर, 2021, बुधवार, अपरान्ह 02:00 बजे बजे श्री बाबू कलीराम राकेश राजकीय महाविद्यालय चुड़ियाला, भगवानपुर में स्थित आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) कक्ष में प्राचार्य महोदय के अनुमोदन से प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ संयोजक डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी द्वारा की गई। सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा बैठक में प्रतिभाग कर रहे प्रकोष्ठ सदस्यों एवं आमंत्रित प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक में विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् चर्चा की गई–

**एजेण्डा बिन्दु 1:–** *गत बैठक दिनांक 23 अक्तूबर, 2021 के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।*

गत बैठक के सर्वसम्मति से पारित कार्यवृत्त पर चर्चा में उसके विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं के अनुपालन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। ऐजेण्डा बिन्दु 1, 2 एवं 3 के क्रम में नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया एवं प्रकोष्ठ के दायित्वों एवं कार्यकलापों के सम्बन्ध में इन्टरनेट पर नैक की आधिकारिक वेबसाईट से डाउनलोड कर समस्त प्रकोष्ठ सदस्यों के साथ साथ सभी अन्य महाविद्यालय कार्मिकों को व्हाट्सएप्प ग्रुप IQAC GDC CHURIYALA एवं ईमेल आईडी iqacgdcchuriyala@gmail.com पर शेयर की गई महत्वपूर्ण जानकारी का अध्ययन कर आवश्यक वांछित कार्यवाही एवं नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यक विभागीय सूचनाओं के संग्रहण सम्बन्धी कार्यवाही (पत्रांक 002 दिनांक 09 अक्तूबर, 2021 एवं पत्रांक 003 दिनांक 23 अक्तूबर, 2021) हेतु थोड़ा समय और दिए जाने पर सहमति हुई थी। किंतु इसके पश्चात तीन सप्ताह का समय बीत जाने पर भी किसी भी सदस्य द्वारा उक्त सामग्री का अध्ययन नहीं किया जा सका है जो अत्यन्त खेदजनक है। (**कार्यवाही– समस्त महाविद्यालय अधिकारी/कर्मचारीगण**)

दिनांक 15 नवम्बर, 2021 को प्राचार्य महोदय के कक्ष में वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं प्रकोष्ठ के सदस्यों की उपस्थिति में प्राचार्य महोदय से नैक प्रत्यायन के विषय में अनौपचारिक परिचर्चा का सुअवसर प्राप्त हुआ। जिसमें नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यक

विभागीय सूचनाओं के संग्रहण में हो रही कठिनाईयों और उनके निवारण के उपायों के सम्बन्ध में चर्चा हुई। वरिष्ठ प्राध्यापक डा0 आर0पी0 द्विवेदी जी द्वारा सुझाव दिया गया कि नैक प्रत्यायन करा चुके महाविद्यालयों के अनुभवी प्राचार्यगण एवं प्राध्यापकों के अनुभव का लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। वरिष्ठ प्राध्यापक डा0 सी0पी0 सिंह जी द्वारा सुझाव दिया गया कि अन्य महाविद्यालयों की भांति नैक प्रत्यायन के सेवन क्राईटेरिया हेतु सात अलग अलग प्राध्यापकों का जिम्मेदारी दे कर कार्यविभाजन करना चाहिए। हर मापदण्ड से सम्बन्धित बिन्दुओं की सूचना संकलन की जिम्मेदारी सम्बन्धित प्राध्यापक की रहे। डा0 आशुतोष बिक्रम का सुझाव था कि एक–एक बिन्दु चुनते हुए सूचना संकलित की जाए। जब एक बिन्दु की सूचना पूर्ण हो तभी सब लोग अगले बिन्दु के कार्य में लगें। प्राचार्य महोदय द्वारा उक्त सुझावों को सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**<u>एजेण्डा बिन्दु 2:–</u>** *नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यक विभागीय सूचनाओं का संग्रहण प्रारम्भ करने विषयक चर्चा।*

उपरोक्त बिन्दु संख्या 1 के अनुरूप।

**<u>एजेण्डा बिन्दु 3:–</u>** *नैक प्रत्यायन के सात मापदण्डों (सेवन क्राईटेरिया) के सम्बन्ध में चर्चा एवं अन्य महाविद्यालयों के अनुभवों से लाभ लेने के बारे में विचार विमर्श।*

उपरोक्त ऐजेण्डा बिन्दु 1 के द्वितीय पैराग्राफ के अनुरूप प्राचार्य महोदय के निर्देशानुसार वरिष्ठ प्राध्यापकगण के सुझावों के क्रम में नैक प्रत्यायन के सात मापदण्डों (सेवन क्राईटेरिया) के सम्बन्ध में चर्चा एवं अन्य महाविद्यालयों के अनुभवों से लाभ लेने के बारे में विचार विमर्श किया गया तत्पश्चात सर्वसम्मति से एवं प्राचार्य महोदय के पूर्व अनुमोदन से यह निर्णय लिया गया कि अन्य महाविद्यालयों की भांति नैक प्रत्यायन के सेवन क्राईटेरिया हेतु सात अलग अलग प्राध्यापकों का जिम्मेदारी दे कर कार्यविभाजन किया जाए। सात मापदण्डों के अनुरूप कार्यविभाजन निम्नवत् किया गया–

| | |
|---|---|
| 1. Curricular Aspects - | 1. डा0 आर0 पी0 द्विवेदी |
| 2. Teaching-Learning and Evaluation - | 2. डा0 सी0 पी0 सिंह |
| 3. Research, Innovations and Extension - | 3. डा0 पीयूष पटेल |
| 4. Infrastructure and Learning Resources - | 4. डा0 शनव्वर |
| 5. Student Support and Progression - | 5. डा0 आशुतोष विक्रम सिंह |
| 6. Governance, Leadership and Management - | 6. डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह |
| 7. Institutional Values and Best Practices - | 7. डा0 सचिन कुमार |

उपरोक्तानुसार सात मापदण्डों में से हर मापदण्ड से सम्बन्धित बिन्दुओं की सूचना संकलन की जिम्मेदारी सम्बन्धित प्राध्यापक की होगी। जिसे यथाशीघ्र प्रकोष्ठ में नैक प्रभारी को उपलब्ध कराया जाएगा जिसे नैक प्रपत्रों के अनुरूप संकलित करने का उत्तरदायित्व नैक प्रभारी का होगा। उपरोक्त नैक के एसएसआर (सेल्फ स्टडी

रिपोर्ट–स्वमूल्यांकन आख्या) हेतु वांछित सूचना गुणात्मक (क्वालिटेटिव) एवं संख्यात्मक (क्वांटिटेटिव) मीट्रिकों में दी जानी है जो अंग्रेजी भाषा में दी जानी अपेक्षित है। संख्यात्मक (क्वांटिटेटिव) मीट्रिकों में दी जानी वाली सूचना नैक मैनुअल में निर्धारित एक्सेल शीट में दिए गए प्रारूपों में ही दिया जाना अनिवार्य है।
**(कार्यवाही– सात मापदण्डों हेतु नामित समस्त संयोजकगण)**

**एजेण्डा बिन्दु 4:–** *अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य सुसंगत बिन्दु।*

डा0 आशुतोष बिक्रम द्वारा आनेवाले लोक सभा चुनाव 2022 में मतदान डयूटी में सभी कार्मिकों की डयूटी लगने पर लगभग तीन माह तक डयूटी में व्यस्त रहने की सम्भावना के दृष्टिगत उक्त कार्य आरम्भ होने में विलम्ब होने की आशंका व्यक्त की गई। साथ ही उनके द्वारा पुनः अपना यह सुझाव भी प्रस्तुत किया गया कि एक पूरे मापदण्ड हेतु एक प्राध्यापक को प्रभारी बनाने के स्थान पर मापदण्ड के एक एक बिन्दु की सूचना सभी लोग मिलजुलकर एकत्र करें तभी कार्य अधिक गति से सम्पन्न हो सकेगा। उनके सुझाव पर भविष्य में विचार करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

इस प्रकार आई0क्यू0ए0सी0 समिति की बैठक सम्पन्न हुई। संयोजक द्वारा समस्त उपस्थित सदस्यगण/आमंत्रित सदस्यगण का उनके बहुमूल्य सुझावों हेतु धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

**(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)**
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, रा0म0वि0 चुड़ियाला, भगवानपुर हरिद्वार महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ।
2. समस्त सदस्यगण।

**(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)**
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0